DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
TERM - II EXAMINATION (2018-19)
CLASS- V
SUB- (HIGHER HINDI)

समय : 2 घंटे   कुल अंक- 50

सामान्य निर्देश :-

क) इस प्रश्न पत्र में कुल मुद्रित पृष्ठ 3 हैं ।
ख) इस प्रश्न पत्र में 14 प्रश्न और चार खंड हैं।
ग) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
घ) उत्तर पुस्तिका में वही क्रम संख्या लिखें जो प्रश्न पत्र में दिए गए हैं ।
ङ) प्रश्नों के सभी अपभागों के उत्तर साफ़ एवं सुंदर अक्षरों में लिखें ।
च) उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।

खंड -क (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(1x4=4)**

अमीर खुसरो न केवल साधारण जन के लिए बल्कि उस समय के बादशाहों की प्रशंसा में भी कविताएँ लिखते थे । वे युद्ध में भाग लेते थे और रण क्षेत्र में भी अपनी बहादुरी का जौहर दिखाते थे । उनकी कविता और वीरता से प्रभावित होकर अनेक बादशाहों ने उन्हें अपने दरबार में रखा । इस प्रकार प्रजा से लेकर राजा तक अर्थात झोंपड़ी से लेकर महल तक अमीर खुसरो की प्रसिद्धि फैल गई । उनकी प्रसिद्धि का एक कारण उनका संगीतकार होना था । वे संगीत के ज्ञाता थे । उन्हें राग-रागिनियों का अच्छा ज्ञान था । उन्होंने कई राग-रागिनियों की रचना भी की । भारतीय गायन में कव्वाली और सितार को इन्हीं की देन माना जाता है ।

प्रश्न :- क) अमीर खुसरो किसके लिए कविताएँ लिखते थे ?
ख) बादशाह अमीर खुसरो को अपने दरबार में क्यों रख लेते थे ?
ग) अमीर खुसरो की प्रसिद्धि का क्या कारण था ?
घ) भारतीय गायन में अमीर खुसरो की क्या देन है ?

2. अपठित पद्यांश को ध्यान से पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(1x4=4)**

श्रम की पूजा करने वाले,
आगे बढ़ते जाते हैं।
मेहनत से घबराने वाले,
मंज़िल कभी न पाते हैं।
कभी परिश्रम व्यर्थ न जाता,

दुनिया में सम्मान दिलाता,
जो श्रम से कतराते हैं,
वे जीवन भर पछताते हैं।

प्रश्न :- क) मेहनत न करने वालों के साथ क्या होता है?
ख) परिश्रम का क्या फल मिलता है?
ग) जीवन भर कौन पछताते हैं?
घ) प्रस्तुत पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए ।

खंड-ख (सृजनात्मक लेखन)

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें । **(5)**

क) गणतंत्र दिवस ख) प्रदूषण ग) प्रिय त्योहार

4. पूर्ण गणवेश में न आने पर कक्षा अध्यापक को आवेदन पत्र लिखें। **(5)**

अथवा

ठीक समय पर बस न आने पर शिकायत करते हुए परिवहन अधिकारी को पत्र लिखें।

खंड-ग (व्याकरण)

5. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। **(1x3=3)**

क) डिबिया :- i) डिबीयाँ ii) डिबियाँ iii) डीबियाँ iv) डिबि
ख) माला :- i) माले ii) मलाएँ iii) मालाएँ iv) मालाए
घ) आँख :- i) आँखें ii) आखें iii) आँखे iv) आखों

6. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए सही शब्द विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। **(1x3=3)**

क) जो सबकुछ जानता हो :- i) अटल ii) निर्भय iii) सर्वज्ञ iv) अनंत
ख) जो स्त्री बहादुर हो :- i) नायिका ii) वीरांगना iii) कवयित्री iv) निर्दयी
ग) जो कम खाता हो :- i) अल्पभाषी ii) मृदुभाषी iii) अल्पाहारी iv) कटुभाषी

7. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के विशेषण रूप लिखिए । **(1x3=3)**

क)भारत ख)कृपा ग)बल

8. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित क्रिया द्वारा करें। **(1x2=2)**

क) बालक उपवन में ______________ ।
ख) दर्ज़ी कपड़े ______________ ।

9. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित कारक चिह्नों द्वारा करें। (1x2=2)

क) हाथ ______ रूमाल गिर गया। (के/से/के लिए/को)

ख) लड़का छत ______ पतंग उड़ा रहा है। (में/पर/से/को)

10. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखें। (1x2=2)

क) सिर ऊँचा करना ख) कलेजा ठंडा होना

खंड-घ (पाठ्य पुस्तक)

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए। (2x2=4)

क) नभ में बादलों के न आने के कारण किसान क्या नहीं कर पाएँगे?

ख) चाँद ने किस चीज़ के लिए हठ की?

ग) सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है?

घ) नभ में बादल के आने पर मोर और मेंढक क्या करते हैं?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए। (2x4=8)

क) हरित क्यों उदास दिखाई दे रहा था?

ख) चीन के राजा ने सैनिकों की भर्ती क्यों शुरू कर दी?

ग) गोबर्धनदास अँधेर नगरी में ही क्यों रहना चाहता था?

घ) बाबा भारती खड्गसिंह के जाने के बाद क्यों डर गए?

ङ) किन शब्दों ने बेट्टिना के सोचने की दिशा बदल दी?

च) आप कैसे कह सकते हैं कि पौधों में जीवन है?

13. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। (1x3=3)

क) इस समय ऐसी शुभ घड़ी में जो मरेगा सीधा__________ जाएगा।

ख) शिक्षक बैरी उसकी __________ और दृढ़ संकल्प शक्ति से परिचित थे।

ग) बाबा भारती के घोड़े का नाम __________ था।

14. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें। (1x2=2)

क) क्या हमें भी बाबा भारती की तरह सब पर विश्वास करने वाला और सबकी मदद करने वाला होना चाहिए? क्यों?

ख) आप अपनी किस असफलता को चुनौती की तरह स्वीकार करेंगे? ऐसा करने से आपको क्या लाभ होगा?

******